राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र का रंग स्वाधीन समारोह

राज्यपाल ने 'शौर्य कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया

जयपुर, 9 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को जवाहर कला केन्द्र में 'शौर्य कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि स्वाधीनता सेनानियों की शौर्य गाथा को चित्रों के माध्यम से बहुत सुंदर तरीके से यहां प्रदर्शित किया गया है। देश की आजादी के लिए अमूल्य योगदान देने वाली महान विभूतियों के बारे में जानने की प्रेरणा युवा पीढ़ी को इन चित्रों से मिलेगी।

20 अगस्त तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का आयोजन पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र के तीन दिवसीय रंग स्वाधीन समारोह के अंतर्गत किया गया है। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में इस प्रदर्शनी में स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र, उनके जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को आकर्षक कलाकृतियों के रूप में संजोया गया है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा कोविड काल में शौर्य कला शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें देश भर के कलाकारों द्वारा स्वाधीनता संग्राम एवं स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित कलाकृतियों का निर्माण किया गया था।

राज्यपाल ने इस अवसर पर केन्द्र द्वारा तैयार करवाए गए मांडणा कलाकृतियों के एलबम और 'पंचतंत्र कथा मंजरी' का लोकार्पण भी किया।

कला एवं संस्कृति मंत्री श्री बी.डी. कल्ला ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की। इस अवसर पर पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता सहित गणमान्यजन और कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

------